उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने जारी किया कैलेंडर

चर्चा में क्यों?

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तराखंड के **वार्षिक कैलेंडर "सशक्त नेतृत्व, समृद्ध उत्तराखंड"** का विमोचन किया।

मुख्य बिंदु:

- इस वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से **उत्तराखंड के सभी 13 ज़िलों के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, स्थानीय उत्पादों, प्राकृतिक सौंदर्य, पौराणिक स्थलों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया**।
- राज्य की पर्यटन नीति, सौर ऊर्जा नीति, सशक्त महिला-समृद्ध राज्य, युवाओं के प्रति संवेदनशीलता और निवेश-रोज़गार-समृद्धि के लिये सरकार द्वारा किये गये कार्यों की ओर **लोगों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया।**
- सीएम ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश:
    - जल संरक्षण **की दिशा में निरंतर प्रयास किये जाने चाहिये** तथा इसके लिये **जागरूकता अभियान** भी चलाए जाने चाहिये।
    - लोगों को **डिजिटल लेन-देन** के प्रति जागरूक करना और नियमित रूप से **स्वच्छता अभियान** चलाना।
    - प्रदेश में **वोकल फॉर लोकल** को तेज़ी से बढ़ावा दिया जाए।
    - राज्य में **पर्यटन को** और अधिक तेज़ी से बढ़ावा देने तथा **प्राकृतिक कृषि** को बढ़ावा देने पर निरंतर कार्य करना।
    - खान-पान, खेल को अपनी दिनचर्या में शामिल करने तथा **नशे और लत** से दूर रहने के लिये समय-समय पर **जागरूकता अभियान** चलाना।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-cm-releases-calendar